# कार्यालय, कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास शाखा),
# जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग)

क्रमांक/2257/मबावि/स्था./2025–26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 02-03-26

## "विज्ञापन"

**नवा–बिहान योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन**

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग ब्लॉक 01 द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन नया रायपुर के पत्र क्रमांक/6813/मबावि/नवा बिहान/13–14 रायपुर, दिनांक– 16.01.2014 द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 नवा–बिहान योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रसारित किया गया था जिसकी भर्ती पूर्व में हो चुकी है शेष रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 केन्द्रीय अधिनियम है तथा इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्यों पर है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी प्रावधानों के अनुसार सुविधा एवं सहायता उपलब्ध करायें जाने हेतु छत्तीसगढ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नवा–बिहान योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न संविदा पदों की भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से दिनांक 18/03/2026 तक आवेदन आमंत्रित है। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्रं. | पदनाम | वेतन मैट्रिक्स लेवल | प्रतिमाह एकमुश्त संविदा वेतन | पद संख्या | वित्त विभाग की सहमति का शर्त | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर सह सहायक ग्रेड़–03 | लेवल–04 | 18000 | 01 (अनारक्षित) | सेवा प्रदाताओं के माध्यम से पदों की पूर्ती की जावेगी | |
| 2 | भृत्य | लेवल–01 | 14400 | 01 (अनारक्षित) | सेवा प्रदाताओं के माध्यम से पदों की पूर्ती की जावेगी | |

**उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी :–**

| पदनाम | अनिवार्य शैक्षाणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| कम्प्यूटर ऑपरेटर सह सहायक ग्रेड़–03 | 1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/बोर्ड से हायर सेकेण्डरी परीक्षा या (10+2) 12वी उत्तीर्ण या विश्वविधालय से स्नातक | डाटा एन्ट्री का 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति। | शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्यालय सहायक/सहायक के | अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में न्यूनतम एक वर्षीय डिप्लोमा। | | रूप में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव। | अथवा अंग्रेजी टाईपिंग उत्तीर्ण। |
| भृत्य | कक्षा 5वी उत्तीर्ण। | – | – | – |

**<u>आवेदन प्रपत्र एवं विवरण https://dantewada.nic.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :–</u>**

**निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें –**

1. आवेदन पत्र संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी/ज़िला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाडा को प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि /03/2026 है। प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

**<u>उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें :–</u>**

1. संविदा नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 01 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेंगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में राज्य के वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताए भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. आवेदक की आयु दिनांक 01 जनवरी 2026 की स्थिती में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।
5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।
6. शैक्षाणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविधालय से होने पर ही मान्य किया जावेगा। निर्धारित शैक्षाणिक आर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावें। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची राजपत्रित अधिकारी द्वारा <u>प्रमाणित/सत्यापित</u> होना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा। प्रेक्टिसिंग लायर को बार कांउसिल का प्रमाण पत्र तथा सुसंगत दस्तावेज व अनुभव का प्रमाण संलग्न करना होगा।

10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगें। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार आवेदन न करे।

11. प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के उपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के उपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।

12. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नही होगा।

13. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।** आवेदन के साथ स्वंय का पता लिखा हुआ 5 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

14. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

| पदनाम | चयन प्रक्रिया |
|---|---|
| कम्प्यूटर ऑपरेटर सह सहायक ग्रेड़–03 | • वांछित न्यूनतम शैक्षाणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 60 अंक,<br>• न्यूनतम अनुभव के पश्चात प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 2 अंक दिये जायेंगे अंधिकतम 20 अंक तथा<br>• टायपिंग एवं कम्प्यूटर परीक्षा पर 20 अंक निर्धारित रहेंगे। (टायपिंग परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ली जावेगी) |
| भृत्य | • 5वी परीक्षा में प्राप्त अंक की मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जायेगा। |

15. प्राप्त आवेदनों के संबंध में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

16. **विज्ञापन की विस्तृत जानकारी https://dantewada.nic.in पर देखी जा सकती है।**

Scanned with OKEN Scanner

17. आवेदक का आवेदन दिनांक 18/03/2026 को सायं 5:30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला– दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

पृ0कमांक /2257A/स्था./मबावि/2025–26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 02/03/2026

प्रतिलिपिः–

1. संचालक,संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाडा (छ.ग) की ओर सादर सूचनार्थ।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला– दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो सील एवं हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो

**प्रति,**

..............................................

..............................................

..............................................

1. आवेदित पद का नाम :– ..............................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..............................................
   (अंग्रेजी में) :– ..............................................
3. पिता/पति का नाम :– ..............................................
4. स्थायी पता :– ..............................................
   ..............................................
5. (पत्र व्यवहार का पता) :– ..............................................
   ..............................दूरभाष/मोबाईल..............................
6. जन्मतिथि (अंकों में) :– ..............................................
   (शब्दों में) :– ..............................................
7. दिनांक 01/01/2026 को आयु :– ..............................................
8. लिंग पुरूष/महिला :– ..............................................
9. जाति/वर्ग (अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व/सामान्य) जाति ..............................वर्ग ..............................
10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है :–..............................
11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यत्ता : –..............................
12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :–..............................
13. शैक्षणिक योग्यता:–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षाणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

14. अन्य योग्यता का विवरण :–............................................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें):–.......................................................................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोडने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. **अनिवार्य संलग्नकों की सूची –**
   1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
   2. 12वीं की अंकसूची
   3. स्नातक की अंकसूची
   4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
   5. व्यवसायिक पाठयक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
   6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र
17. **अन्य संलग्नकों का विवरण**
   1. ..........................................................................................
   2. ..........................................................................................
   3. ..........................................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

**घोषणा–पत्र**

मै एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**स्थान – ...............................................**

**दिनांक –...............................................**

Scanned with OKEN Scanner